ई–मेल/स्पीड पोस्ट

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ–226027

संख्या ई– 3324/जी0एस0
दिनांक मई 27, 2021

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

विषयः विश्वविद्यालय में कराये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों से सम्बन्धित सूचना/अभिलेख उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में विभिन्न स्रोतों से प्राप्त धनराशि के माध्यम से निर्माण कार्या प्रगति पर हैं। इनमें से कई ऐसे कार्य हैं जो पूर्ण होने के कगार पर हैं। कुछ कार्य गतिशील हैं और मध्य में हैं तथा कुछ कार्यों में सम्भावित है कि किन्हीं व्यवधानों के कारण या धनराशि के अभाव में उनकी प्रगति बाधित हो। मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा यह जिज्ञासा की गयी है कि प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में निर्माणाधीन सभी कार्यों के बारे में विस्तृत विवरण उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

उक्त पृष्ठभूमि में संलग्न प्रपत्र पर आपसे विवरण अपेक्षित है। यह विवरण विश्वविद्यालय में सभी प्रकार के निर्माणाधीन कार्यों के बारे में दिया जायेगा (बिना किसी धनराशि की सीमा के)। यह विवरण उन सभी परियोजनाओं के बारे में होगा जो किसी भी स्रोत से वित्तपोषित हों। धनराशि चाहे राज्य सरकार या केन्द्र सरकार से मिली हो तथा राज्य सरकार या केन्द्र सरकार की किसी संस्था से मिली हो, या विश्वविद्यालय अपने संसाधनों से निर्माण करवा रहा हो।

यह विवरण संलग्न प्रपत्र पर यूनीकोड हिन्दी फॉट में 14 फॉट साइज में एक्सेल फारमेट में साफ्ट कापी के रूप में भेजा जायेगा। पी0डी0एफ0 या फोटो फाइल के रूप में न भेजा जाये। सूचना ई–मेल **rajbhavan.up.mis@gmail.com** आई0डी0 पर ही प्रेषित की जायेगी। आपसे यह अपेक्षा है कि सभी सूचनाएं विलम्बतम 10 जून, 2021 तक अनिवार्य रूप में उपलब्ध करा दें।

उल्लेखनीय है कि प्राप्त सूचना के संकलन उपरान्त इस विषय पर मा0 कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में उनकी सुविधानुसार एक समीक्षा बैठक आहूत की जायेगी जिसकी सूचना आपको अलग से प्रेषित की जायेगी।

संलग्नक– यथोपरि।

भवदीय,

(महेश कुमार गुप्ता)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

प्रतिलिपि कुल सचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(महेश कुमार गुप्ता)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	किस योजना से वित्त पोषण हो रहा है?	स्वीकृति प्रदान करने वाली संस्था (राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार/ सत्ता/ अन्य, जो भी हो)	नामित कार्यदायी संस्था	मूल स्वीकृत आगणन की धनराशि	मूल स्वीकृति की तिथि	क्या मूल आगणन का कोई पुनरीक्षण हुआ है?			स्वीकृति प्रदान करने वाली संस्था द्वारा स्वीकृत लागत के सापेक्ष विभिन्न वित्तीय वर्षों में उपलब्ध करायी गयी धनराशि		विश्वविद्यालय द्वारा कार्यदायी संस्था का उपलब्ध करायी गयी धनराशि		कार्यदायी संस्था को निर्माण हेतु भूमि कब उपलब्ध करायी गयी?	कार्यदायी संस्था द्वारा व्यय की स्थिति		अद्यतन् भौतिक प्रगति	कार्य पूर्ण करने का लक्षित समय	क्या आगणन पुनरीक्षण का कोई प्रकरण विचाराधीन है? यदि हाँ, तो वह किस स्तर पर लम्बित है?	कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य, प्रगति में है या स्थगित है और स्थगन का कारण	इस परियोजना के पूर्ण करने के लिए निर्धारित समय सीमा से कितना विचलन हुआ है और क्यों?	कार्यदायी संस्था द्वारा कराये जा रहे कार्य की गुणवत्ता ठीक है या उसमें कोई कमी है? उसका विवरण
							हाँ या नहीं	यदि हाँ, तो पुनरीक्षण की तिथि	पुनरीक्षित लागत	वित्तीय वर्ष	विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायी गयी धनराशि	वित्तीय वर्ष	उपलब्ध करायी गयी धनराशि		वित्तीय वर्ष	व्यय की गयी धनराशि						
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23